भी दायर की गई । इस अवधि में गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों की संख्या 119 है ।

2. विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम के उल्लंघनों में ग्रस्त विभिन्न व्यक्तियों को जो दण्ड दिया जाता है वह इस प्रकार है :— विभागीय न्यायनिर्णय मे अर्थ दण्ड लगाना और अवैधानिक मुद्रा की जब्ती तथा इस्तगासे की कार्यवाही में न्यायालयों द्वारा दोषी प्रमाणित किये जाने पर जेल की सजा और जुर्माना ।

टिप्पणी :—कारण बताओ नोटिस और न्यायालय में दायर की गई शिकायतों की संख्या इसलिये दी गई है कि आंकड़े इसी आधार पर रखे जाते हैं । कुछेक मामलों मे, एक ही व्यक्ति को एक से अधिक 'कारण बताओ नोटिस' जारी किये जाते हैं और कुछ एक मामलों में एक ही 'कारण बताओ नोटिस' के अन्तर्गत एक से अधिक व्यक्ति आ सकते हैं । न्यायालय में दायर की गई शिकायतों के बारे में भी यही स्थिति है । कुछेक मामलों में ऐसा भी हो सकता है कि जिस व्यक्ति को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया वह वही व्यक्ति हो सकता है जिसके विरुद्ध न्यायालय में शिकायत दायर की गई हो । यदि विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम के उल्लंघन में ग्रस्त व्यक्तियों की संख्या ठीक-ठीक दी जानी हो तो सूचना एकत्र करने के लिये 13347 संबंधित फाइलों में से प्रत्येक को देखना होगा और उस पर जो समय तथा श्रम लगेगा वह उससे प्राप्त होने वाले परिणाम के अनुरूप नहीं होगा ।

एक अनधिकृत व्यक्ति द्वारा इण्डियन एयरलाइंस के विमान का हैदराबाद से तिरुपति तक उड़ाया जाना

***91. श्री जनेश्वर मिश्र :**

श्री रामानन्द तिवारी :

क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत वर्ष इण्डियन एयरलाइन्स के एक विमान को एक अनधिकृत व्यक्ति ने हैदराबाद से तिरुपति तक उड़ाया था ; और

(ख) यदि हां, तो उस घटना के बारे में पूरा ब्यौरा क्या है तथा इस मामले में सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : (क) और (ख). नागर विमानन विभाग के विमान सुरक्षा निदेशक, श्री वी० चेलप्पा की, जिन्होंने नागर विमानन के महानिदेशक के आदेश से कथित घटना की जांच की की थी, रिपोर्ट के अनुसार 25-12-1976 को हैदराबाद से तिरुपति तक इंडियन एयरलाइन्स के विमान का चालन किसी अनधिकृत व्यक्ति द्वारा किया गया प्रतीत नहीं होता । रिपोर्ट से पता चला है कि हैदराबाद से तिरुपति तथा विजयवाड़ा तक की उड़ान के दौरान श्री संजय गांधी विमान चालक की सीट पर बैठे थे परन्तु उन्होंने विमान का नियंत्रण अपने हाथ में नहीं लिया ।

नागर विमानन के महानिदेशक ने वायुयान नियम, 1937 का उल्लंघन करने के कारण विमान चालक तथा श्री संजय गांधी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही आरम्भ कर दी है ।

Family Pension

*92. SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER: Will the Minister of FINANCE AND REVENUE AND BANKING be pleased to state whether Government are considering to give benefit of family pension to the pensioners who retired from service prior to 1st January, 1964?

THE MINISTER OF FINANCE AND REVENUE AND BANKING (SHRI H. M. PATEL): Families of Government servants who retired before 1st January, 1964 are governed by the Liberalised Pension Rules, 1950. Under these rules the families of permanent